# वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी

विज्ञप्ति संख्या- ....................../जी-20/2023-24 दिनांक ..................

## <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

चित्रकला में रूचि रखने वाले समस्त छात्र-छात्राओं व व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी, नगर के सौदर्यीकरण हेतु नगर के विभिन्न स्थानों/दीवारों/ भवनों आदि पर चित्रित करने के लिए भारत के सांस्कृतिक/सामाजिक, ऐतिहासिक तथा धार्मिक व अन्य विषयों से सम्बन्धित उत्कृष्ट व नये चित्रों के चयन हेतु एक ‘‘चित्रकला प्रतियोगिता‘‘ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सफल हुए चित्रकारों को विकास प्राधिकरण द्वारा निम्न विवरण के अनुसार पुरस्कार स्वरूप प्रोत्साहन धनराशि प्रदान की जायेगी :-

| **क्र0सं0** | | **पुरस्कार की धनराशि** | **रू0 विवरण** |
|---|---|---|---|
| **1.** | प्रथम पॉच श्रेष्ठ चित्रो के लिए | 5100 | प्रत्येक के लिए |
| **2.** | द्वितीय पन्द्रह चित्रो के लिए | 2100 | प्रत्येक के लिए |

**<u>प्रतियोगिता की आवश्यक शर्ते :-</u>**

सभी प्रतियोगियों द्वारा निम्न शर्तो व नियमों के अन्तर्गत ही अपने चित्र को ड्राइंग पेपर पर चित्रित कर विकास प्राधिकरण के वेब साईड पर दिये गये लिंक के माध्यम से अपना नाम, पता व योग्यता आदि का विवरण देते हुए चित्र की स्कैन कापी अपलोड करेंगे |

1. इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नही निर्धारित किया गया है।
2. चित्र को स्केच व पेंटिंग के माध्यम से किसी भी विद्या/षैली में बनाया जा सकता है।
3. चूॅकि इन चित्रों का प्रयोग सामान्यतः खुले स्थानों/दीवारों पर वाल पेंटिंग के रूप में किया जाना है। अतः सभी कलाकार इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए अपनी स्वयं की कल्पना व सोच के अनुसार चित्र तैयार करेगें। चित्र में बहुत अधिक जटिलता नही होना चाहिए।
4. चित्रकार/प्रतिभागी अधिकतम तीन चित्रो को अपलोड कर सकते है।
5. यह प्रतियोगिता पूर्णतः आन लाईन है, इच्छुक अभ्यार्थी दिनांक 30 अप्रैल, 2023 तक स्वयं के द्वारा बनाये गये चित्र को कभी भी अपलोड कर सकता है।
6. पुरस्कार वितरण के समय चयनित चित्रकार को अपनी मूल ड्राइंग, विकास प्राधिकरण में जमा करनी होगा।
7. कलाकारो द्वारा अपलोड किए गये किसी भी चित्र को प्राधिकरण नगर के सौदर्यीकरण हेतु प्रयोग में ले सकता है, जिसे कापीराईट या एकाधिकार का उल्लंघन नही माना जाएगा।
8. पुरस्कार हेतु चित्रों का चयन तीन से पांच चित्रकला विशेषज्ञों की समिति के माध्यम से किया जायेगा।
9. समिति द्वारा चयनित चित्रों/निर्णय के विरूद्ध कोई दावा स्वीकार नहीं होगा।
10. चित्रित किये जाने वाले चित्रो की विषय वस्तु संलग्नक एक में दिया गया है।

## चित्रकारी की विषय वस्तु :-

निम्नांकित विषयो के अतिरिक्त अन्य किसी भी विषय से सम्बन्धित चित्र नही बनाया जायेगा -

1. भारत/वाराणसी की सांस्कृतिक/सामाजिक/ऐतिहासिक विषयों से सम्बन्धित।
2. खेल-खिलाडी से सम्बन्धित।
3. सामयिक विषयों यथा पर्यावरण/जनसंख्या/ वैश्विक शान्ति व सदभावना से सम्बन्धित।
4. पर्यावरण संरक्षण से सम्बन्धित।
5. मोटे अनाज के प्रयोग से सम्बन्धित
6. प्राकृतिक सौन्दर्य से सम्बन्धित।
7. मार्डन आर्ट से सम्बन्धित।
8. विभिन्न क्षेत्रीय/ग्रामीण/जनजाति चित्रकला शैली यथा-मधुबनी शैली/वर्ली आर्ट/मंजुसा शैली/ट्राईवल आर्ट आदि।
9. विषय वस्तु जो देष की गरिमा, एकता, अखण्डता तथा सदभावना से सम्बन्धित हो।
10. विषय वस्तु जो देष के वैज्ञानिक व तकनीकी विकास से सम्बन्धित हो।
11. अन्य विषय वस्तु जिसका प्रदर्षन समाज/राष्ट्र हित में किया जा सकता हो।